# चेटीचण्ड महोत्सव पर भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली



कोटा में भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर सिंधी समाज के द्वारा आस्था के साथ रैली निकाली गई।

**कोटा,** (निसं)। चेट्रीचंड महोत्सव के तहत झूलेलाल मंदिर सेक्टर-4 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा से जय शिव शंकर पूज्य सिन्धी पंचायत समिति के तत्वावधान में भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

शोभायात्रा से पूर्व कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कोटा नागरिक सहकारी बैक चेयरमेन राजेश बिरला, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष ओम आडवानी, प्रेम भाटिया द्वारा भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर हरी झण्डी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। जय शिव शंकर पूज्य सिन्धी पंचायत समिति के अध्यक्ष शमशेर परमानी ने बताया कि इस दौरान तीन बत्ती चौराहे पर नये कोटा से शेर सिंधु सभा आर.के.पुरम, वॉम्बे योजना के सिंधी समाज की महिलाये व पुरूष अध्यक्ष पवन पंजवानी व महामंत्री अनिल टिलवानी, राजेश दासवानी की अगुवाई में मय शोभायात्रा के शामिल हुए। इसी प्रकार महावीर नगर तृतीय सिंधी पंचायत अध्यक्ष प्रताप बजाज व दादाबाड़ी सिंधी पंचायत अध्यक्ष बलराम दासवानी के नेतृत्व में भी नये कोटा क्षेत्र से शोभायात्रा से शोभायात्रा शामिल हुई, शोभायात्रा में ऊंट गाड़ियों पर विभिन्न झाकियां संजाई गई।

डी.जे. बैण्ड बाजों के साथ व घोड़ो पर सवार होकर समाज के बुजुर्गो, नव जवानो व महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व आयो लाल-झूलेलाल के जयकारो के साथ भजन मण्डलियां भगवान झूलेलाल के भजन गाती हुई चली। शोभायात्रा महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर-4 से झूलेलाल मंदिर, सुभाष सर्किल, तीन बत्ती चौराहा, बसन्त बिहार, दादाबाडी छोटा चौराहा से होते हुए भगवान श्री झूलेलाल की प्रतिमा के साथ अखण्ड ज्योत का विसर्जन भीतरिया कुण्ड पर विसर्जन किया गया।

इस दौरान रास्ते में स्थानीय व्यापार संघो, सामाजिक संगठनों व दूकानदारो द्वारा जगह-जगह स्वातगत द्वार व स्टॉल लगाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में सिंधी जनरल पंचायत के महामंत्री पुरूषोत्तम छाबड़िया, रवि बृजवानी, भारतीय सिंधु सभा युवा प्रकोष्ठ के किशोर सिधवानी, कपिल परमानी, विक्की चौथवानी जय शिव शंकर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी मुकेश पुरसवानी, देवीचन्द दरियानी, श्रीचन्द चौथवानी, भरत रोहिड़ा, सेवक भोजवानी, पुरूषोत्तम रोहिड़ा, देवीलाल मतानी, दीपक चुग्घ, सुरेश विशनानी, घनश्याम बनवारी, चन्द्र प्रकाश चावला, सैकड़ो संख्या में सिंधी समाज की महिलायें व पुरूष शामिल हुये।

# 'जीवनदान दो डॉक्टर हत्यारे मत बनो'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार के पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह से राइट टू हेल्थ बिल की नाराजगी को लेकर चिकित्सक सरकार से नाराज है और इलाज के अभाव मे मरीजों के हालात भयावह होते जा रहे है डॉक्टरों की हड़ताल बेकाबू होकर अब सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं।

पूरे प्रदेश में हजारों निजी और सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल से जानलेवा बीमारियों से मरीज तड़प रहे हैं। चिकित्सकों को चाहिए कि हठधर्मिता छोड़कर राइट टू हेल्थ बिल मे कोई विसंगति हो तो वो सरकार से सकारात्मक बात करें। मरीजों के लिए भगवान कहे जाने वाले डाक्टर काम छोड़ सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर रहे है और मरीज उपचार के बिना अस्पताल मे कराह रहे है मरीजो के दर्द को महसूस करने वाला कोई नही जिसके चलते मरीज भगवान भरोसे बिना उपचार के लौटने को मजबूर है। कोटा मे करीब 5500 से ज्यादा डाक्टर है जिसमें आधे से ज्यादा निजी चिकित्सक है जो पहले से ही बिल का विरोध कर रह हैं।

डॉक्टरों की हड़ताल से हालात इतने भयावह हो गए है कि सीकर के सरकारी अस्पताल मे मासूम मरीज को इलाज के लिए जयपुर जाने को कहा और निजी अस्पताल बंद होने के कारण ढाई घंटे तक एम्बुलेंस नही मिली जयपुर पहुंचा तो मासूम दम तोड़ चुका था। इन हालातों के कारण पूरे प्रदेश मे हजारों मरीज जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं।

डाक्टर इंसानों के लिऐं भगवान है तो वह भगवान बनकर कर्तव्य पूरा करे तड़पते हुए मरीजों की सुध ले तो ही जनता की सहानुभूति उनको मिल पाएगी नही तो मरीज दम तोड़ते रहेंगे और भगवान कहलाने वाले डॉक्टर हत्यारे हो जाएंगे।

# सी.पी. जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर लड्डू बांटे

**कोटा,** (निसं)। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा जीएमए प्लाजा मार्केट में सीपी जोशी की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर पुष्प वर्षा कर खुशी का इज़हार किया एवं एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियाँ बाँटी गई। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश को ऊर्जावान और सदैव सक्रिय रहने वाले जन जन के लाड़ले लोकप्रिय एवं युवा सांसद सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया।

## सार-समाचार

### महर्षि गौतम प्रकट उत्सव संपन्न

**कोटा,** (निसं)। गौतम समाज बोरखेड़ा मंडल कोटा के तत्वधान में महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया गया गौतम समाज बोरखेड़ा मंडल के अध्यक्ष विजय पंडित व सचिव अजय शर्मा ने बताया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजबंधुओं ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत में प्रातः पेट्रोल पम्प तिराहे से देवली अरब रोड़ स्थित एक निजी मेरिज हाल तक शौभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए, शौभायात्रा में भगवान महर्षि गौतम की प्रतिमा को ट्रैक्टर-ट्राली में सबसे आगे सुसज्जित कर विराजमान किया गया था कलश यात्रा व शोभायात्रा के बाद गौतम ऋषि का अभिषेक किया गया अभिषेक यजमान मृत्युंजय गौतम रहे समाज के बालक व बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई समाज के होनहार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा व विशिष्ट युवा नेता अमित धारीवाल , राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र गौतम, संभागीय अध्यक्ष भगवान जी गौतम, पार्षद कुलदीप गौतम, पार्षद कमल कांत रहे समाजबंधुओं द्वारा विशाल शर्मा व अमित धारीवाल से समाज को निजी भवन के लिए जल्दी ही एक भुखण्ड दिलवाने की मांग की गई समाज ने इसी उम्मीद मे इस साल महर्षि गौतम की प्रतिमा तैयार करवाई है इस अवसर पर महिला अध्यक्ष राधे कंवर गौतम ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई इस मौके पर संरक्षक मंडल व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए होना सम्मानित किया गया।

### निजी चिकित्सकों के द्वारा दिए जा रहे धरने को तुरंत हटाया जाए

**कोटा,** (निसं)। धारा 144 के उल्लंघन करने और सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करने पर निजी चिकित्सकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई कर धरने को हटवाया जाऐं। जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, वाइस चेयरमैन वक्फ बोर्ड साजिद खान लाला, कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, सेवादल प्रदेश सचिव अमित सूद ने कहा कि निजी चिकित्सक धारा 144 में सरकारी संपत्ति पर बैठकर राज्य सरकार के विरुद्ध धरना दे रहे हैं। इसकी अनुमति जिला प्रशासन के द्वारा कैसे दी गई जबकि जिले में धारा 144 लगी हुई है और अगर अनुमति नहीं दी है तो जिला प्रशासन निजी चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है? इससे आमजन को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जिला प्रशासन चुप बैठा है इस कारण कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन की परेशानी को देखते हुए अगर जिला प्रशासन के द्वारा निजी चिकित्सकों का धरना सरकारी संपत्ति से नहीं हटवाया गया तो कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता स्वयं जाकर निजी चिकित्सकों को धरना स्थल से हटवाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

### महिलाओं की प्रस्तुति को सबने सराहा

**कोटा,** (निसं)। श्री झुलेलाल सेवा समिति और स्टेशन स्थित श्री झुलेलाल सिन्धी पंचायत धर्मशाला समिति की शोभायात्रा का स्वागत सिन्धु सोशल सर्किल और महिला सर्किल ने किया। सिन्धु सोशल सर्किल के अध्यक्ष बंसीलाल साधवानी ने बताया कि बड़ी संख्या में सर्किल के पुरुष व महिला सदस्य इसमें शामिल हुए। स्टेशन स्थित श्री सिन्धी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति के अध्यक्ष हरीश जगवानी ने बताया कि शोभायात्रा में 15 झांकिया और महिला समिति समूह नृत्य करते हुए शामिल हुई। दमहिलाओं की प्रस्तुति को सबने सराहा। सांस्कृतिक सचिव नरेश कारा ने बताया कि आज प्रातः ध्वजारोहण व अभिषेक तथा दोपहर में आम भंडारा भी हुआ।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लगातार रहेगा जारी : धारीवाल

- एक से 8 अप्रैल तक मंत्री शांति धारीवाल कोटा प्रवास के दौरान पदयात्राओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**कोटा,** (निसं)। भारत जोड़ो यात्रा को मिली अपार सफलता के बाद 26 जनवरी से कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत के साथ ही नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में लगातार कोटा में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के जरिए यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल घर-घर दस्तक देकर आमजन से संवाद कर रहे हैं।

मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि अभियान के तहत पद यात्राओं का दौर लगातार जारी रहेगा पदयात्रा के जरिए सरकार जनता के द्वार तक पहुंच रही है 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक कोटा प्रवास के दौरान पटरी पार क्षेत्र के वार्डो में पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल सहित क्षेत्र के कांग्रेस जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल होंगे।

1 अप्रैल को सुबह व शाम दो पारियों में पदयात्रा पटरी पार क्षेत्र में निकाली जाएगी वही 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक लगातार पटरी पार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा पहुंचेगी। शांति धारीवाल ने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को मिल रही राहत से सरकार के प्रति अटूट विश्वास कायम है आमजन सरकार के राज से खासा खुश है और खुद ही सरकार के रिपीट होने की बात कह रहा हैं।

कोटा प्रवास के दौरान महावीर जयंती पर 2 और 3 अप्रैल को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल शामिल होंगे। 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक पुनः हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पटरी पार क्षेत्र में उनके नेतृत्व में पदयात्रा, निकाली जाएगी।

# दीप प्रज्जवलन से नव संवत्सर का स्वागत

- 2080 दीपक प्रज्वलित किए गए

**कोटा,** (निसं)। भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2080 व नवरात्र स्थापना के अवसर पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड में 2080 दीपक प्रज्वलित किए गए। जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस में दीप प्रज्वलन के लिए निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी मौजूद रहे। यहां दीप प्रज्जवलन के साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करके की गई।

इस अवसर पर डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने सभी को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पेड़-पौधों में नए फूल-पत्तियां आने का समय है। नए संकल्प लेने का समय है। भारतीय पंचाग विश्व के प्राचीनतम धार्मिक, सामाजिक और वैश्विक महत्व रखते हुए काल गणना पर आधारित है। सकारात्मक भाव के साथ सभी अपने तय लक्ष्य की साधना में लगें और तब तक नहीं थकें जब तक की लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लें। अपने जीवन को अनुशासित और नियमित रखते हुए कार्य करते रहें। फल की इच्छा नहीं रखें, यदि आपने कर्म पूरी ईमानदारी से किया है तो यकीनन आपको मिलने वाला फल आपकी सोच से बेहतर होगा। इस अवसर पर निदेशक नवीन माहेश्वरी ने कहा कि यह भारतीय संस्कारों का उत्सव है। भारतीय परम्पराओं को साथ लेकर हमें नई पीढ़ी को जोड़ना चाहिए तभी हम सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने में योगदान दे सकेंगे।



एलन में दीप प्रज्जवलन से नव संवत्सर का स्वागत किया।

# कई जोड़ी गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव अवधि को बढ़ाया गया

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा मंडल के शामगढ़, सुवासरा, सुन्दलक स्टेशनों के यात्रियों की आवागमन सुविधा के लिए अधिकांश गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 11603/11604 कोटा-बीना-कोटा मेमो का भोपाल मंडल के रहेटवास एवं कोटा मंडल के सुन्दलक स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव को दिनांक 26 मार्च, 2023 से बढ़ाकर आगामी दिनांक 22 सितम्बर, 2023 तक दोनो दिशाओं में छह माह के लिए किया गया हैं। गाड़ी संख्या 22631/22632 मदुरई-बीकानेर-मदुरई एक्सप्रेस ट्रेन को 04 अक्टूबर 2023 तक दोनों दिशाओं में शामगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 22975/22976 बांद्रा टर्मिनस-रामनगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस ट्रेन को 07 अक्टूबर 2023 तक दोनो दिशाओं में शामगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12969/12970 कोयंबटूर-जयपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस ट्रेन को 05 अक्टूबर 2023 तक दोनों दिशाओं में शामगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12975/12976 जयपुर-मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन को 04 अक्टूबर 2023 तक दोनों दिशाओं में शामगढ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12939/12940 पुणे-जयपुर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को 03 अक्टूबर 2023 तक दोनो दिशाओं में सुवासरा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12955/12956 मुंबई सेन्ट्रल-जयपुर-मुंबई सेन्ट्रल एक्सप्रेस ट्रेन को 02 अक्टूबर 2023 तक दोनों दिशाओं में सुवासरा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया हैं। गाड़ी संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस ट्रेन को 01 अक्टूबर 2023 तक दोनो दिशाओं में सुवासरा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12465/12466 इंदौर-जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन को 02 अक्टूबर 2023 तक दोनों दिशाओं में सुवासरा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।

# स्पेशल ट्रेन का संचालन

**कोटा,** (निसं)। यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए कैला देवी चैत्र मेला के अवसर पर ईदगाह-गंगापुर सिटी-ईदगाह के मध्य मेला स्पेशल रेल प्रसाशन द्वारा चलाया जा रहा हैं। गाड़ी संख्या 01961/ 01962 ईदगाह-गंगापुर सिटी-ईदगाह चैत्र मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 मार्च से 30 मार्च तक दोनों दिशाओं में कुल 07-07 ट्रिप चलेगी। यह गाडी 08 कोच की मेमो होगी।

# चार दिवसीय आरोग्य मेले का शुभारम्भ

- आरोग्य मेले का लाभ आमजन को अधिक से अधिक मिले : अमित धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। संभाग स्तरीय चार दिवसीय आरोग्य मेले का शुभारम्भ जिला कलेक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता एवं समाजसेवी अमित धारीवाल के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को आयुर्वेद अस्पताल परिसर में किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि आयुर्वेद जीवन पद्धति है इसकी विश्वनीयता एवं रोग का स्थाई निदान करने के कारण आमजन में आज भी लोकप्रिय है। इसका कोई दुष्परिणाम भी नही होता है आमलोगों की स्वस्थ्य जीवनचर्या के लिए इसका प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आयुष पद्धति में रोगों के स्थाई निदान के साथ निरोगी जीवन शैली के लिए योग क्रियाओं के महत्व से अब आम नागरिक परिचित हो रहे है। स्वस्थ्य शरीर के लिए प्रातः भ्रमण से लेकर योग को जीवन में अपना रहे है। उन्होंने व्यसन एवं नशामुक्ति के लिए भी आयुष पद्धति से लोगों को व्यसन त्यागने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने चार दिवसीय आरोग्य मेले में दी रही सेवाओं एवं परामर्श के बारे में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का आव्हान किया। समाजसेवी अमित धारीवाल ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति देश के सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय पद्धति है। वर्तमान में इसमें अनेक रिसर्च एवं नवाचार हुए है जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में गर्भ के शिशु से बुर्जगों के इलाज की सफल पद्धति है। स्वस्थ्य एवं संस्कारवान शिशु के लिए माताओं को पोष्टिक भोजन एवं अच्चे विचारों के साहित्य के लिए भी प्रेरित करना चाहिए जिससे संस्कारवान शिशु जन्म लें।

उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में देशभर में अदभुत चिरजीवी योजना लेकर आई है इससे आमजन को 25 लाख तक के इलाज की कैशलेस सुविधाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने आरोग्य मेले को उपयोगी बताते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में माईक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। मेले के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक डॉ. रेवतीरमण ने स्वागत करते हुए कहा कि चार दिवसीय आयोजन में आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाऐं निःशुल्क प्रदान कर परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि मेले में आयुर्वेद के पंचकर्म, अग्निकर्म, जोंक से रोग निदान की पद्धति का आमजन निशुल्क लाभ ले सकेंगे।

मेले में आयुर्वेद से सम्बन्धित दवाओं के विक्रताओं एवं आयुर्वेद महत्व के पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है जिसका आम नागरिक लाभ ले सकते है। मेले के सह प्रभारी उप निदेशक आयुर्वेद डॉ.जसवंतसिंह ने आरोग्य मेले में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देकर अतिथियों का स्वागत किया।

उपनिदेशक झालावाड़ डॉ. श्याम जोशी ने आयुर्वेद के महत्व के बारे में जानकारी दी। आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विष्णु जोशी ने बताया कि आयुर्वेद महाविद्यालय खुलने से युवाओं को रिसर्च एवं औषधियों के महत्व के बारे में जानकारी मिल सकेगी। अतिथियों ने मेले में आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा आमजन को दी जा रही सुविधाओं का मौके पर जाकर अवलोकन किया तथा आमजन के लिए उपयोगी बताया। इससे पूर्व आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. जेनेन्द्र शर्मा, दाऊदयाल जोशी आयुर्वेद चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. अंजना शर्मा, डॉ. मेघना शेखावत सहित बड़ी संख्या में संभागभर के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी ने किया।



कोटा में आरोग्य मेले का उद्घाटन समारोह अमित धारीवाल ने किया है।


**सावधान रहने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. लक्ष्मीलाल पिता नेमीचंद जारोली के वारिसों को प्राप्त पैतृक सम्पत्ति कृषि भूमि सर्वे क्र. 39/1/7, पैकी कुल रकबा 0.074 हेक्टेयर ग्राम पिपल्या कुमार, निपानिया इंदौर जिसका कुल क्षेत्रफल पारिवारिक विभाजन लेख दिनांक : 17.06.2003 से प्राप्त हुई थी जो कि तदोपरांत लक्ष्मीलाल पिता नेमीचंद जारोली के विधिक वारिसों के मध्य निष्पादित हुए विभाजन लेख दिनांक : 23/01/2004 के उपरांत स्व. अशोक पिता लक्ष्मीलाल जारोली के विधिक वारिस एवं मेरे पक्षकार श्री निखिल पिता स्व. अशोक जारोली, रीना पत्नी स्व. अशोक जारोली एवं सलोनी पिता स्व. अशोक जारोली, तीनों निवासी : जारोली भवन सी-2 वसुंधरा विहार बजरंग नगर कोटा राज. को प्राप्त होकर मेरे पक्षकारों के आधिपत्य में है। सदर भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार, समस्त वैधानिक तथा न्यायालयीन कार्यवाही हेतु अग्रसर है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ही उक्त भूमि के न्यायोचित स्वामी है अतः मेरे पक्षकारों के अतिरिक्त उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति से संव्यवहार न किया जाए।
उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मुझ से सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर, मय दस्तावेजी प्रमाण सम्पर्क करें। तत्पश्चात किसी भी प्रकार का दावा/ आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

सुमित मंडलोई, अधिवक्ता
408 अलंकार पॉइंट गीता भवन चौराहा ए.बी. रोड इन्दौर, मो. 9713480144

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम महेश गर्ग से बदलकर नया नाम महेश अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-महेश अग्रवाल पुत्र घासीलाल गर्ग पाटनी हाउस की गली खाई रोड नयापुरा कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना शादी पूर्व का नाम मीता सुखेजा से बदलकर शादी पश्चात नया नाम हीर लालवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-हीर लालवानी पत्नी दिनेश लालवानी 3/270 गणेश तालाब दादाबाड़ी कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैं फातेमा घड़ियाली पत्नी हबीब घड़ियाली मैंने अपनी पुत्री हावरा का नाम बदलकर नया नाम हावरा घड़ियाली रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को हावरा घड़ियाली के नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-हावरा घड़ियाली पुत्री हबीब घड़ियाली बड़े देवता जी की हवेली नावडीपाड़ा टिपटा कोटा**

**खोया-पाया**

मेरे मकान 2 च 25 दादाबाड़ी का साइड कब्जा व अदेय प्रमाण पत्र खो गया है। कृपया मिलने पर निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

लाजवन्ती दासवानी
2 च 25 दादाबाड़ी कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2023/316 विज्ञप्ति दिनांक:- 22.3.23

कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 619 योजना बसंत विहार केशवपुरा 9 का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 141 दिनांक 30.10.1984 द्वारा श्री अरुण गर्ग पुत्र श्री जगमोहन गर्ग को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्री भगवानस्वरुप अग्रवाल पुत्र श्री सूरजमल अग्रवाल ने उक्त भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 24.01.2023 को श्री पदम कुमार पुत्र श्री सूरजमल जैन को विक्रय कर दिया गया है। श्री पदम कुमार पुत्र श्री सूरजमल जैन ने उक्त भूखंड का हस्तांतरण स्वयं के नाम करवाने हेतु आवेदन किया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त भूखंड का हस्तानांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड के स्वामित्व हस्तांतरण की स्वीकृति श्री पदम कुमार पुत्र श्री सूरजमल जैन के नाम जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

जाहिर आम सूचना

आवास संख्या 6-B-4 रंगबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री शिवचरण सिंह पुत्र श्री अंगद सिंह को किया गया। श्री शिवचरण सिंह की मृत्यु दिनांक 11.01.2021 को हो चुकी है एवं उनकी धर्मपत्नी की मृत्यु दिनांक 27.02.2019 को हो चुकी है। स्व. श्री शिवचरण सिंह की मृत्यु हो जाने पर उनके वारिसान श्री अशोक सिंह पुत्र स्व. श्री शिवचरण सिंह द्वारा उक्त आवास का हस्तान्तरण मृत्यु प्रकरण का निस्तारण करते हुए स्वयं के नाम किये जाने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 02.03.2023 को आवेदन किया है। आवेदन पत्र के साथ स्व. श्री शिवचरण के अन्य वारिसानों से घोषणा पत्र/अनापत्ति प्रस्तुत करते हुए अन्य सभी आवश्यक पूर्ति क्षतिपूर्ति बंधक पत्र/ शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिये है।

उक्त आवास का हस्तांतरण किए जाने से पूर्व विधिक राय प्राप्त की गई। विधिक राय पक्ष में प्राप्त हो जाने के पश्चात उक्त आवास का हस्तांतरण स्व. श्री शिवचरण सिंह के पुत्र श्री अशोक सिंह के नाम किए जाने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण मृत्यु प्रकरण का निस्तारण करते हुए श्री अशोक सिंह पुत्र स्व. श्री शिवचरण सिंह के नाम किए जाने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण श्री अशोक सिंह पुत्र स्व. श्री शिवचरण सिंह का नाम दर्ज कर लिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**आम सूचना**

प्लॉट नंबर 7, 8 महालक्ष्मी टाउनशिप बोरखंडी तहसील लाडपुरा कोटा मैं शेखर प्रताप सिंह सेंगर एनटीपीसी अंता वालों का प्लॉट प्रदीप कुमार नागर अंता वालों ने लिया है अगर किसी को आपत्ति हो तो 8824181111 इस नंबर पर या स्टेशन रोड अजीतपुरा अंता आकर संपर्क करें

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर पालिका अन्ता**

क्रमांक: 4875-76 लोक सूचना दिनांक:-21.03.2023

श्री सत्यप्रकाश गौत्तम पुत्र श्री पुरुषोत्तम गौतम निवासी अंता ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| अन्ता तहसील बारां | बम्बोरी | 338 | 1.55 हैक्ट. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.............. को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अन्ता

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि भूखण्ड संख्या ई-508 (सी-I) औ0क्षे0 इन्द्रप्रस्थ, कोटा मैसर्स जे.के. उद्योग, प्रो0 श्री विजय कृष्ण गोयल, क्षेत्रफल 4300.व0मी0 का उपविभाजन दिनांक 19.06.1999 को व लीजडीड का निष्पादन दिनांक 22.06.1999 को करवाया गया। अधिक भूमि 1852 व0 मी0 का नियमन कर लीजडीड का निष्पादन दिनांक 26.03.2007 को करवाया गया। उक्त भूखण्ड/फर्म के प्रोपराईटर श्री विजय कृष्ण गोयल थे, जिनका देहान्त दिनांक 02.05.2021 को हो चुका है। मृत्योपरान्त श्री विजय कृष्ण गोयल की पत्नी श्रीमती रेखा गोयल निवासी सी-359, तलवण्डी कोटा द्वारा श्री विजय कृष्ण गोयल के विधिक वारिसनों के संबंध में सजरा प्रमाण पत्र पेश किया गया है। जिसके अनुसार श्री विजय कृष्ण गोयल के तीन क्रमश : श्रीमति रेखा गोयल पत्नि श्री विजय कृष्ण गोयल, श्री अक्षत गोयल पुत्र श्री विजय कृष्ण गोयल सुश्री अर्दिका गोयल पुत्री श्री विजय कृष्ण गोयल विधिक वारिसान है। साथ ही श्रीमति रेखा द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा प्रमाण पत्र, शपथ पत्र प्रेषित कर उक्त भूखण्ड संख्या ई-508 (सी -I) के लीजहोल्ड राईट्स स्वंय के पक्ष में हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। इस भूखण्ड के लीजहोल्ड राईट्स पंजीकृत हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर श्रीमति रेखा गोयल पत्नि स्व0 श्री विजय कृष्ण गोयल के पक्ष के में हस्तान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल मे लाये जाने के पूर्व इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि अगर किसी भी व्यक्ति/फर्म अथवा सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थान अथवा वित्तीय संस्थान को भूखण्ड संख्या ई-508 (सी -I) औ0क्षे0 इन्द्रप्रस्थ,कोटा के हस्तान्तरण के सम्बंध में किसी प्रकार की यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। कृपया विदित रहे कि दी गई मियाद निकलने के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी शिकायत/आपत्ति पर कोई गौर नही फरमाया जायेगा और नियमानुसार प्राप्त उपरोक्त अंकित आवेदन पत्र/ दस्तावेजों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक रीको लि0, कोटा।